न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, एस0सी0/एस0टी0 एक्ट, श्रावस्ती।

सत्र परीक्षण संख्या 344/2022
राज्य–– बनाम–– अमरनाथ वर्मा

<u>दिनांक 06–04–2026</u>

पत्रावली पेश हुई। इस मामले में एकमात्र अभियुक्त अमरनाथ वर्मा पुत्र महाराजदीन वर्मा निवासी जमुनहा भवनियापुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती की थाने से मृत्यु आख्या प्राप्त हुई है, साथ में ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियापुर तहसील जमुनहा जिला श्रावस्ती के द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है। न्यायालय के समक्ष साक्षी बिमला बतौर सी0डब्लू–1 जो मृतक अमरनाथ की पत्नी हैं, को परीक्षित कराया गया जिसमें अभियुक्त अमरनाथ वर्मा की मृत्यु दिनांक 30–06–2025 हो जाना बताया गया है। ऐसी स्थिति में अभियुक्त अमनाथ वर्मा की मृत्यु होने के कारण वाद की कार्यवाही उसके विरूद्ध उपशमित की जाती है। इस मामले में अन्य कोई कार्यवाही शेष नहीं है। अतः पत्रावली नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार हो।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, एस0सी0/एस0टी0 एक्ट,
श्रावस्ती।